# एपीईडीए ने आईएफई लंदन 2025 में भारत की कृषि प्रस्तुतियों, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और मादक पेय उत्पाद प्रदर्शित किए

प्रविष्टि तिथि: 19 MAR 2025 7:11PM by PIB Delhi

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने 18 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) लंदन, 2025 में भारत की कृषि प्रस्तुति, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और मादक पेय उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए भागीदारी प्रारंभ की। गुजरात, पंजाब, तेलंगाना, हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के 16 प्रमुख भारतीय निर्यातकों का एक प्रतिनिधिमंडल 27 प्रतिभागियों के साथ भारतीय मंडप में प्रीमियम उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहा है, जो यूनाइटेड किंगडम के बाजार में व्यापार के अवसरों के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

भारतीय पैविलियन में विभिन्न प्रकार के घरेलू मूल्य जोड़ने वाले उत्पादों का चयन किया गया है, जिसमें कई प्रकार के कृषि उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ शामिल हैं।

यूके में भारत के उप उच्चायुक्त श्री सुजीत घोष और प्रथम सचिव (व्यापार, पर्यटन एवं ओसीआई) श्री राकेश दहिया ने आज एपीईडीए के अधिकारियों के साथ भारत पैविलियन का उद्घाटन किया। आईएफई लंदन 2025 में एपीईडीए की उपस्थिति वैश्विक मंच पर अपनी कृषि पेशकशों को प्रोत्साहन देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

प्रदर्शनी के उल्लेखनीय आकर्षणों में आम, अनार और अमरूद जैसे ताजे फल, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की एक प्रीमियम रेंज के साथ-साथ रामपुर, सुला, गोडावन, ओल्ड मॉन्क कॉफी रम, जामुन जिन और जैसलमेर जैसी भारतीय शराबों का एक शानदार संग्रह शामिल है। आगंतुक बासमती चावल, शहद, नमकीन, मूंगफली का मक्खन, मखाना, सॉस, बाजरा, सोया चाप, बेबी कॉर्न, मसाला सोडा, सूखा पेठा, राजमा चावल, समोसे, दाल चावल, सरसों का साग, चना चावल और नारियल जैसे रेडी-टू-कुक (आरटीसी) व्यंजनों की विस्तृत प्रदर्शनी देख सकते हैं।

जैविक उत्पादों, बाजरा और आम तथा अनार जैसे भारतीय फलों को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सैंपलिंग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे मौजूद लोगों को शाकाहारी और मांसाहारी बासमती चावल बिरयानी और बाजरा खिचड़ी जैसे व्यंजनों के साथ प्रामाणिक भारतीय स्वाद अनुभव करने का अवसर मिलेगा। भारतीय कृषि निर्यात की वैश्विक उपस्थिति को और बेहतर करने के अपने रणनीतिक प्रयासों के हिस्से के रूप में, आईएफई लंदन 2025 में भारत की भागीदारी भारतीय निर्यातकों के लिए संभावित खरीदारों से जुड़ने, नए व्यावसायिक सहयोग की खोज करने और वैश्विक स्तर पर भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्रों की विविध पेशकशों को प्रोत्साहन देने के लिए एक मंच के तौर पर कार्य करती है।

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) भारत सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है। एपीईडीए का उद्देश्य भारत से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को तैयार करना, सुविधाजनक बनाना और प्रोत्साहन देना तथा वैश्विक खाद्य और पेय उद्योग में देश की उपस्थिति को बेहतर करना है।

***

**एमजी/आरपीएम/केसी/एमएम**

(रिलीज़ आईडी: 2113078) आगंतुक पटल : 148
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu